**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**

महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- जुलाई, 2022

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**: **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श/विलंब आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**: शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित अभियोजन के लिए स्वीकृति के मामले**: शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**: शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):** परिसर की सामान्य सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इस मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्थानों के निदेशकों के साथ आंतरिक रूप से विचारविमर्श किया गया तथा सभी 5 स्वायत्त संस्थानों को एक सोसायटी के तहत विलय करने का नया प्रस्ताव किया गया। सभी विद्यमान स्वायत्त संगठन एक सोसायटी के तहत कार्य करेंगे मंत्रिमंडल ने दिनांक 13 जुलाई, 2022 को हुई अपनी बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन 5 स्वायत्तशासी निकायों का एक स्वायत्तशासी निकाय में विलय करने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:** समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:** इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**: इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** : लागू नहीं।

*******

**अनुलग्नक-I**

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अन्य सरकारी मंत्रालयों/विभागों, स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से भारत की संपूर्ण तटरेखा के समानांतर एक स्वच्छता अभियान "स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर/स्वच्छ तट सुरक्षित सागर" शुरू किया गया है। इस सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से समुद्र के स्वास्थ्य में सुधार के लिए 75 दिनों की अवधि का जन नेतृत्व वाला अभियान है। यह अभियान 5 जुलाई, 2022 को शुरू हुआ और 17 सितंबर, 2022 (अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस) को सबसे बड़े समुद्र तट सफाई कार्यक्रम के साथ समाप्त होगा। इस अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और 17 सितंबर 2022 को समुद्र तट की सफाई के लिए आम जनता के स्वैच्छिक पंजीकरण के लिए एक मोबाइल ऐप "इको मित्रम" लॉन्च किया गया है।

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने 27 जुलाई, 2022 को अपना 16वां स्थापना दिवस मनाया। सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने स्वागत भाषण दिया और केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ जितेंद्र सिंह ने निम्नलिखित का उद्घाटन किया:-

    1. इंकॉइस द्वारा "बुयो-आधारित स्वचालित तटीय वेधशाला और जल गुणवत्ता तत्काल पूर्वानुमान प्रणाली"
    2. आईएमडी द्वारा "भारत में वेधशालाओं की जलवायु तालिका 1991-2020" का शुभारंभ
    3. एनसीसीआर द्वारा तटीय अनुसंधान के संबंध में विशेष खंड का विमोचन
    4. एनसीएस द्वारा भूकंप संग्रह का विमोचन।

    विभिन्न उम्मीदवारों को भिन्न-भिन्न पुरस्कार और योग्यता प्रमाण पत्र दिए गए।

- भारतीय अंटार्कटिका विधेयक, 2022 लोकसभा द्वारा 17 जुलाई 2022 को पारित किया गया।

- मंत्रिमंडल ने दिनांक 13 जुलाई, 2022 को हुई अपनी बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन 5 स्वायत्तशासी निकायों का एक स्वायत्तशासी निकाय में विलय करने के लिए अनुमोदन दिया।

- नवीनतम वैश्विक मॉडल पूर्वानुमानों से पता चलता है कि भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के ऊपर मौजूदा ला नीना की स्थितियां जारी रहने की संभावना है और जुलाई से सितंबर 2022 के दौरान हिंद महासागर के ऊपर नकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) स्थितियों के बनने की संभावना बढ़ गई है।

- पिछले महीने के अंत तक दक्षिण पश्चिम मानसून दिल्ली सहित देश के अधिकांश हिस्सों (उत्तरी अरब सागर, गुजरात राज्य और उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर) में आ गया है।

- पूरे देश के लिए जुलाई 2022 (+17%) में वर्षा प्रतिशत में अंतर वर्ष 2000 के बाद से जुलाई महीने के लिए दूसरा सबसे अधिक रहा; वर्षा प्रतिशत में +19% के अंतर के साथ वर्ष 2005 के बाद यह पहला उच्चतम है।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

<u>न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;</u>

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 7.6 मिलियन किसान सीधे ही परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।

- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं कोई-मेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**<u>वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क</u>**

| **प्रेक्षण का प्रकार** | **अब तक चालू किए गए** | **महीने के दौरान स्थापित।** | **डेटा रिपोर्टिंग।** |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *448<br>(797-349) | 22 | 448 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | 581**<br>(1382-801) | -- | 581 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 194 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू (रेडियो सोंडे/रेडियों वायु) स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | *** 32 | -- | 24 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 02 | -- | 02 |
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 05 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 13 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 15 |
| वायुगुणवत्ता निगरानी प्रणाली | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 10 (दिल्ली)<br>शून्य (मुंबई)****<br>10 (अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग | --- | -- | 3305 |
| विमानन | 79 | -- | 79 |
| रेडिएशन स्टेशन | 46 | --- | 46 |

*कुल 797 में से 349 पुराने हैं।

**कुल 1382 में से 801 पुराने हैं।

***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडार सहित।

**** फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

जुलाई, 2022 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) डिफेंस जियो-इनफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (DGRE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग

(बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान डीआरडीओ तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए।

**मासिक मौसम सारांश (जुलाई 2022)**

## क) माह के दौरान मौसम की महत्वपूर्ण घटनाएं

निम्न दबाव प्रणालियां:

जुलाई 2022 के महीने के दौरान चार निम्न दबाव प्रणाली बनी। पहली प्रणाली (4-8 जुलाई) उत्तरी ओडिशा के ऊपर बनी। दूसरी प्रणाली (9-18 जुलाई) दक्षिण तटीय ओडिशा के ऊपर बनी। तीसरी प्रणाली (15-18 जुलाई) पूर्वोत्तर अरब सागर के ऊपर बनी और एक अवसाद में केंद्रित हो गई और कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर हो गई। चौथी प्रणाली (24-27 जुलाई) दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर बनी। इन निम्न दबाव प्रणालियों के बनने और बने रहने के कारण, जुलाई 2022 में निम्न दबाव प्रणालियों के दिनों की कुल संख्या महीने के लिए लगभग सामान्यत: 13.5 दिनों की तुलना में 21 दिन हो गई थी। इनकी वजह से महीने के दौरान मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत में बहुत अधिक वर्षा हुई ।

**ख) वर्षा परिदृश्य:** जुलाई , 2022 माह में, पूरे देश में 327.7 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो इसके दीर्घावधि औसत (LPA) 280.5 मिमी. का 117 % है।

**ग) भारी वर्षा की घटनायें:**

| **समयावधि जिसके लिए चेतावनी जारी की गई** | **भारी / बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (> 64.4 मिमी): 330** |
|---|---|
| | **64.4 मिमी से अधिक वर्षा के लिए प्रतिशत सुधार (% में)** |
| दिन 1/24 घंटे | **73** |
| दिन 2/48 घंटे | 72 |
| दिन 3/72 घंटे | 69 |

**घ) तापमान परिदृश्य:**

जुलाई, 2022 माह में देश में समग्र रूप से औसत तापमान 28.17 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य तापमान से +0.19 डिग्री सेल्सियस अधिक था। माह के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 8 जुलाई , 2022 को गंगा नगर (पश्चिमी राजस्थान) में अधिकतम तापमान 41.8$^{0}$C दर्ज किया गया और 19 जुलाई , 2022 को खारगोन(पश्चिमी मध्य प्रदेश) में निम्नतम न्यूनतम तापमान 16.4$^{0}$C दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं:** माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को भारतीय मानक समय 08: 30 तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| **क्र. सं.** | **राज्य / संघ राज्य क्षेत्र** | **गरजने की घटनाएँ** | **ओलावृष्टि की घटनाएं** | **धूल भरी आंधी** | **झोंकेदार हवाएँ** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 6 | 1 | 0 | 1 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 5 | बिहार | 18 | 9 | 8 | 9 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 3 | 1 | 2 | 0 |
| 8 | दादर और नागर हवेली | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 3 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | गोवा | 3 | 2 | 1 | 1 |
| 11 | गुजरात | 23 | 6 | 2 | 8 |
| 12 | हरियाणा | 12 | 10 | 6 | 4 |

| क्र. सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | गरजने की घटनाएँ | ओलावृष्टि की घटनाएं | धूल भरी आंधी | झोंकेदार हवाएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 15 | झारखंड | 3 | 0 | 0 | 5 |
| 16 | कर्नाटक | 6 | 5 | 1 | 11 |
| 17 | केरल | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 7 | 2 | 3 | 5 |
| 21 | महाराष्ट्र | 14 | 4 | 5 | 6 |
| 22 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 4 | 2 | 1 | 0 |
| 27 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | पंजाब | 13 | 1 | 3 | 2 |
| 29 | राजस्थान | 29 | 12 | 6 | 9 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 3 | 2 | 1 | 2 |
| 32 | तेलंगाना | 7 | 4 | 3 | 12 |
| 33 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 32 | 6 | 13 | 20 |
| 35 | उत्तराखंड | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 4 | 1 | 1 | 4 |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनियां /प्रेस विज्ञप्तियां:**

अखिल भारतीय मौसम बुलेटिन- 124 , अखिल भारतीय मौसम अनुमान और प्रतिकूल मौसम चेतावनियां-124, अखिल भारतीय साप्ताहिक मौसम रिपोर्टें-4, दक्षिण पश्चिम मानसून 2022 के लिए विशेष दैनिक मौसम रिपोर्ट-31, वर्तमान मौसम की स्थिति और अगले दो सप्ताह के लिए आउटलुक:- 4, चक्रवात उत्पत्ति के लिए विस्तारित अवधि आउटलुक:-4, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए जारी पर्वत मौसम बुलेटिन- 62, समुद्री मौसम बुलेटिन:-62, प्रतिकूल मौसम के लिए नाउकास्ट दिशानिर्देश बुलेटिन-31, माह के दौरान जारी कुल प्रेस विज्ञप्तियां-38

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें :**

i) भारत के जलवायु नैदानिक बुलेटिन में उपयोग के लिए जून 2022 को समाप्त माह के लिए मासिक और संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए । इन्हें आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

ii) जुलाई 2022 माह के लिए अन नीनो - दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) बुलेटिन तथा जुलाई से अक्टूबर 2022 तक की अवधि के लिए दक्षिण एशिया हेतु मौसमी जलवायु आउटलुक जारी किए गए (त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)

iii) दिनांक 06.07.2022, 13.07.2022, 20.07.2022 तथा 27.07.2022 को समाप्त सप्ताहों के लिए चार साप्ताहिक संचयी मानकीकृत वर्षा सूचकांक (एसपीआई) मानचित्र तैयार किए गए और कृषि मौसम

परामर्शी सेवा बुलेटिन में उपयोग के लिए भेजे गए। इन्हें आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

iv) 4 साप्ताहिक, 1, 2, 3 एवं 4 मासिक समय पैमाने पर 0.5*0.5 डिग्री विभेदन पर ग्रिडेड मानकीकृत वर्षा सूचकांक (SPI) तथा मानकीकृत वर्षा इवैपोट्रांसपासयरेशन सूचकांक (SPEI) की गणना की गई। आईएमडी पुणे की वेबसाइट पर साप्ताहिक आधार पर उपर्युक्त समय-पैमाने के मानचित्र अपलोड किए गए।

v) 30 जून से लेकर 06 जुलाई तक, 07 से 13तक, 14 से 20 तक और 21 से 27 जुलाई 2022 तक की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

vi) 23 जून से लेकर 06 जुलाई तक, 30 जून से लेकर 13 जुलाई, 07 से 20 तक, और 14 से 27 जुलाई 2022 तक की अवधि के लिए चार द्विसाप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए। इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

vii) दिनांक 07 से 13, 09 , 14 से 20, 21 से 27 तथा 28 जुलाई से 03 अगस्त 2022 तक की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति आउटलुक मानचित्र तैयार किए गए और इन्हें आईएमडी पुणे वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया।

viii) 30 जून से लेकर 06 जुलाई तक, 07 से 13तक, 14 से 20 तक और 21 से 27 जुलाई 2022 तक की अवधि के लिए चार साप्ताहिक शुष्कता विसंगति मानचित्र तैयार किए गए और कृषि मौसम परामर्शी सेवा बुलेटिन में उपयोग के लिए भेजे गए।

ix) 2021के लिए वार्षिक जलवायु सारांश प्रकाशित किया गया और वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

**भूकंप विज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | लक्ष्य | चालू किए गए | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 115 | 152 | 127 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

<u>भूकंप</u>: भारतीय क्षेत्र में 124 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 9 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।
<u>सुनामी</u>**:** सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाला कोई समुद्र तलीय भूकंप (M>6) नहीं आया।

**<u>समुद्र प्रेक्षण प्रणाली</u>**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | लक्ष्य | जुलाई , 2022 तक चालू किए गए | जुलाई , 2022 के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स* | 200 | 374 | 61 |
| मूरेड बुवॉय | 16 | 19 | 11 |
| टाइड गेज | 36 | 36 | 32 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 12 | 8 |
| एकाउस्टिक डॉपलर करेंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 20 | 17 |
| सुनामी बुवॉय | 4 | 7 | 3 |
| वेव राइडर बुवॉय | 23 | 16 | 10 |

*शेष फ्लोट्स / ड्रिफ्टर्स ने अपना जीवन काल पूरा कर लिया, इसलिए उनसे कोई डेटा प्राप्त नहीं हो रहा है।

**<u>समुद्र विज्ञान सेवाएँ</u>**

| संख्या | पूर्वानुमानों के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एकीकृत संभावित मत्स्यन क्षेत्र (PFZ) परामर्शिका (सी सर्फेस टेम्परेचर (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 27 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहर, पवन, धाराएं, एसएसटी (समुद्र सतह का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और D20 पूर्वानुमान | 31 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 31 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 8 |

## आउटरीच एवं जागरुकता

- भारत मौसम विज्ञान विभाग तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के समारोह में मौसम एवं जलवायु विज्ञान एवं सेवाओं के विभिन्न मॉड्यूल्स सम्बन्धी लघु वर्चुअल लेक्चर श्रृंखला लॉन्च की है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया जाता है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से पूर्वानुमान वीडियो क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए गए थे।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।
- भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजित कर रहा है, तथा इस समारोह के हिस्से के रूप में जुलाई 2022 माह के दौरान वर्चुअल व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की गई।
- 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के अंग के रूप में, इंकॉइस ने जुलाई 2022 के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।
- इंकॉइस ने शिपिंग एवं भारतीय तट रक्षक महानिदेशालय में 1 से 4 जुलाई 2022 के दौरान न्यू मैंगलोर तट पर "एमवी प्रिंसेज मीरल" से तेल के बहाव सम्बन्धी ऑयल स्पिल ट्रैजेक्टरी परामर्शिका प्रदान की।
- NCCR ने इंडोनेशियाई शिक्षा, संस्कृति, अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा CSIRO, ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर "एक प्लास्टिक मुक्त जुलाई: गहरे अंतरिक्ष से लेकर गहरे समुद्र तक, इंडो-पैसिफिक ओशन्स इनीशिएटिव-लेड क्षेत्रीय कार्यक्रम" सम्बन्धी एक वेबिनार की सह-मेजबानी की।
- NIOT ने स्किन केयर एवं कॉस्मेटिक अनुप्रयोगों हेतु गहरे समुद्र में बैक्टीरिया से रीकॉम्बिटेंट ईकोटाइन के उत्पादन हेतु अम्ब्रू लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रशिक्षण पूरा किया।
- नाइजीरिया के सरकारी विभागों के पांच वैज्ञानिकों / अभियंताओं के एक दल ने NCMRWF का दौरा किया, ताकि इसके केन्द्र को देख सकें तथा समझ सकें कि NCMRWF में किस तरह से रियल टाइम में मॉडल आधारित पूर्वानुमान तैयार किए जाते हैं। प्रतिनिधि मंडल ने भारत मौसम विज्ञान विभाग का भी दौरा किया।

## प्रकाशन

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल, 2022 – जून 2022 | जुलाई, 2022 | कुल | अप्रैल, 2022 – जून 2022 | जुलाई, 2022 | कुल |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | 46 | 12 | 58 | 4 | 1 | 5 |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 17 | 10 | 27 | - | 1 | 1 |
| ध्रुवीय विज्ञान | 10 | 4 | 14 | - | - | - |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | 15 | 8 | 23 | - | 1 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल | 88 | 34 | 122 | 4 | 3 | 7 |

**पेटेन्ट: 1**

**माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग**

| पोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 0 | 31 | 0 |
| सागर मंजूषा | 0 | 31 | 0 |
| सागर तारा | 0 | 31 | 0 |
| सागर अन्वेषिका | 3 | 31 | 0 |
| सागर कन्या | 0 | 31 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 31 | 0 |

**<u>अनुलग्नक II</u>**

सं. एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोदी रोड
नई दिल्ली 110 003
दिनांक: अगस्त, 2022

प्रमाण पत्र

(माह जुलाई 2022 के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति जुलाई,2022 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -10 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -02 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -01 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -00 |

(इंदिरा मूर्ति)
संयुक्त सचिव
js.moes@gov.in